## कार्यालय ज्ञाप संख्या 132–ज0स0विज्ञा0/राविप/98–19/जस/81 दिनांक 23.02.1998 का संलग्न (विज्ञापन आदेश का प्रारूप)

.................................................................................................................................

कार्यालय का नाम व पूरा पताः– विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल (132 के0वी0विद्युतगृह परिसर, चन्दौसी)

.................................................................................................................................

पत्रांक–55 /वि0वि0मं0/सम्भल/ दिनांकः–04/4/2024

विषय– प्रकाशन हेतु निविदा सूचना/अल्पकालीन सूचना/शुद्धि सूचना ..................................

सेवा में

(1) विज्ञापन व्यवस्थापक, शाह टाईम्स, सम्भल।
(2) विज्ञापन व्यवस्थापक, हिन्दुस्तान, सम्भल।
(3) विज्ञापन व्यवस्थापक, .................................. ..................................

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक *05.04.2024* या अगले संस्करण में कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाईप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाईप में) समाचार पत्र में केवल 'एक कालम में' प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाईन में रनिंग मैअर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1– स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैस– बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

2– प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ (जहॉ भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होता है) को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा ।

3– संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा पत्र की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

4– विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।

5– यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन डी0ए0वी0पी0 निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हों तो कृप्या विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

6– विज्ञापन के अन्त में नीचे छोटे टाईप में **"राष्ट्रीयहित में बिजली बचायें"** का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें। "निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र निरस्तीकरण हेतु नियमित रूप से निगम की वेवसाईट पर **pvvnl.org**तथा **www.etender.up.nic.in**देखें" आवश्यक रूप से प्रकाशित कराया जाये।

7– उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दें ढ़ग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक– 1. विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।
2. विज्ञापन सामग्री एक नं0।

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता

(अधीक्षण अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युत वितरण मण्डल सम्भल, (132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिसर चन्दौसी))

पत्रांक–55 / वि0वि0मं0/सम्भल/ तद्दिनांक–04/4/2024

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि०, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
2. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि०, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, (वाणिज्य), पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

संलग्नकः– विज्ञापन सामग्री।

अधीक्षण अभियन्ता

(अधीक्षण अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युत वितरण मण्डल सम्भल, (132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिसर चन्दौसी))

पत्रांक–55 / वि0वि0मं0/सम्भल/ तद्दिनांक–04/4/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता, पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि० मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, चन्दौसी एवं सम्भल।

अधीक्षण अभियन्ता

(अधीक्षण अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युत वितरण मण्डल सम्भल, (132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र परिसर चन्दौसी))

*प्रथम/द्वितीय प्रति*

# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०

एतद्द्वारा निम्न निविदायें ई–टेन्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः– 01/2024–25 (कार्य का विवरणः– वि0वि0ख0, चन्दौसी के कार्यक्षेत्र में विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों को बदलने का कार्य) 02, 03, 04 एवं 05/2024–25 (कार्य का विवरणः– वि0वि0ख0,सम्भल के कार्य क्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो, क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के कैरेज का कार्य, विद्युत उपकेन्द्रों पर वी0सी0बी0 मरम्मत का कार्य तथा पेड़ों की कटाई छँटाई, क्षतिग्रस्त पोलो को सीधा करना एवं अन्य अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य को रनिंग टेण्डर के माध्यम से बाह्य एजेन्सी के द्वारा कराये जाने का कार्य।

उपरोक्त ई–निविदायें दिनांक 22.04.2024 को समय 13.00 बजे तक भरी जा सकती हैं तथा उक्त ई–निविदाओं का प्रथम भाग दिनांक 23.04.2024 को 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त निविदाओं के सापेक्ष समस्त कार्यो का पूर्ण विवरण व मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण की नियम व शर्ते, धरोहर राशि व निविदा शुल्क तथा अन्य विवरण ई–निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** तथा निगम की वेबसाईट **www.pvvnl.org** पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो वेबसाईट पर डाली गयी जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वैबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

"राष्ट्रीयहित में बिजली बचायें"

अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल
(132 केवी0 विद्युत गृह परिसर, चन्दौसी)

पत्रांकः– 55 /वि0वि0म0स0/ दिनांक 04/4/2024